दिन— मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक— 19 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः— 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगली पीढ़ी के सुधारों की कार्य—योजना की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की। कहा— सरकार सभी क्षेत्रों में तेजी से सुधार लागू करने के लिए प्रतिबद्ध।

02. निर्वाचन आयोग ने एसआईआर की प्रारूप सूची से हटाये गये मतदाताओं के नाम संबंधित मतदान केन्द्रों पर श्रेणीवार चस्पा किये।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में अनुकंपा के आधार पर नियुक्त विद्यालय लिपिक और परिचारी अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे।

04. और, केंद्र सरकार ने पटना—पूर्णिया एक्सप्रेस—वे को औपचारिक रूप से राष्ट्रीय एक्सप्रेस—वे का दर्जा प्रदान किया।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगली पीढ़ी के सुधारों की कार्य—योजना की समीक्षा के लिए कल उच्च स्तरीय बैठक की। इसके तहत जीवन में आसानी, कारोबार सुगमता और समावेशी समृद्धि के उपायों पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। प्रधानमंत्री को शासन में सरलता, आर्थिक वृद्धि को मजबूती देने और इन उपायों से नागरिकों के लिए सीधा लाभ सुनिश्चित करने के उपायों की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस संबोधन के बाद यह उच्चस्तरीय बैठक बुलाई गई। स्वतंत्रता दिवस संबोधन में प्रधानमंत्री ने जीएसटी सुधारों और कर भार कम करने के रूप में दीवाली उपहार का वायदा किया था।

———बाईट———

बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि सरकार सभी क्षेत्रों में तेजी से सुधार लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन सुधारों का उद्देश्य जीवन में आसानी लाना, कारोबार सुगमता और समृद्धि को बढ़ावा देना है।

———————————————————

निर्वाचन आयोग ने एसआईआर की प्रारूप सूची से हटाये गये मतदाताओं के नाम सभी मतदान केन्द्रों पर श्रेणीवार चिपका दिये हैं। सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के आलोक में प्रखंड कार्यालयों, पंचायत कार्यालयों और नगर निकाय कार्यालयों पर भी ऐसे मतदाताओं की सूची चस्पा कर दी गयी है। एसआईआर के दौरान पैंसठ लाख से अधिक मतदाताओं के नाम प्रारूप सूची से हटा दिये गये थे। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि प्रारूप सूची से बाहर किये गये मतदाता अपने ईपिक नम्बर के माध्यम से इस

सूची में कारण सहित प्रविष्टि से संबंधित सूचना और अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। असंतुष्ट या सूची से बाहर हुये मतदाता अपने आधार कार्ड की एक प्रति के साथ मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए अपना दावा भी पेश कर सकते हैं। यह सूची बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी जिलों में सोलह–सोलह कोषांगों का गठन किया है। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रत्नाम्बर निलय ने बताया कि इन कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखा गया है। प्रशिक्षण कल से पटना में शुरू होगा।

———————————————————————

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा नवादा जिला पहुंच गयी है। यह यात्रा मझवे बाजार और हिसुआ बाजार होते हुये नवादा शहर पहुंचेगी। यहां भगत सिंह चौक पर जनसभा का आयोजन होगा। मतदाता अधिकार यात्रा में राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव समेत महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेता शामिल हैं।

———————————————————————

राजद से निष्कासित तेज प्रताप यादव ने नये राजनीतिक दल के गठन की घोषणा की है। श्री यादव ने कहा कि उनकी पार्टी का नाम जनशक्ति जनता दल है। उन्होंने कहा कि एसआईआर कोई मुद्दा नहीं है। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। श्री यादव ने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव की मतदाता अधिकार यात्रा का कोई असर नहीं होगा।

———बाईट———

———————————————————————

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन कल अपना नामांकन दाखिल करेंगे। श्री राधाकृष्णन ने कल शाम नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल के नेताओं के साथ शिष्टाचार बैठक की। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि सभी एनडीए नेता नामांकन के समय उपस्थित रहेंगे। श्री रिजिजू ने कहा कि एनडीए संसदीय दल की आज बैठक होगी। इसमें सभी नेताओं का श्री सीपी राधाकृष्णन से औपचारिक परिचय कराया जाएगा।

उन्होंने आशा जतायी कि सभी राजनीतिक दल उपराष्ट्रपति पद के लिए श्री राधाकृष्णन का समर्थन करेंगे।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में आयोजित एक कार्यक्रम से माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों मे अनुकंपा के आधार पर नियुक्त लिपिक और परिचारी अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे। विद्यालय लिपिक के चार हजार आठ सौ पैंतीस और विद्यालय परिचारी के पांच सौ अठारह पदों पर अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति की गयी है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा शिक्षा मंत्री सुनील कुमार मौजूद रहेंगे।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने पटना–पूर्णिया एक्सप्रेस–वे को औपचारिक रूप से राष्ट्रीय एक्सप्रेस–वे का दर्जा प्रदान कर दिया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इस एक्सप्रेस–वे को राष्ट्रीय एक्सप्रेस–वे–नौ घोषित किया गया है। यह बिहार का पहला ऐसा एक्सप्रेसवे होगा जो पूरी तरह से राज्य की सीमाओं के भीतर निर्मित होगा।

———————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने हड़ताल पर गये दस हजार सात सौ पचहत्तर कर्मचारियों का लॉगिन ब्लॉक कर दिया है। हड़ताली कर्मियों को तत्काल संबद्ध अंचल कार्यालय में सभी सरकारी कागजात जमा करने का निर्देश दिया गया है। राजस्व मुख्यालय से सभी जिलों के अपर समाहर्ता, राजस्व और बंदोबस्त अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से यह निर्देश दिये गये। सभी जिलों के अधिकारियों से हड़ताल पर रहने वाले कर्मचारियों की अद्यतन सूची तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। सूची के आधार पर हड़ताल पर डटे कर्मचारियों के खिलाफ सेवा–मुक्ति की कार्रवाई कल से शुरू की जाएगी।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून के कमजोर होने से बारिश की गतिविधियों में कमी आयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना ने कहा है कि आज राज्य के उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है। इस दौरान कुछ जगहों पर मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———बाईट———

———————————————————————

राज्य सरकार ने कोसी बराज के रख–रखाव के लिए सत्ताईस करोड़ अठहत्तर लाख रूपये मंजूर किये हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि यह राशि कोसी बराज की सुरक्षा, गेटों का सुचारू संचालन, उपकरणों के रख–रखाव और मरम्मत के लिए खर्च की जायेगी।

———————————————————————

उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में सब्जियों के प्रबंधन पर चार करोड़ पचास लाख रूपये खर्च किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि सब्जियों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए ढांचा प्रबंधन तकनीक को बढ़ावा दिया जायेगा।

———————————————————————

सहकारिता विभाग ने मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना के तहत पैक्सों से आवेदन आमंत्रित किये हैं। सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में किये गये कार्यों के आधार पर इस पुरस्कार के लिए पैक्सों का चयन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि पांच सितम्बर तक निर्धारित है।

———————————————————————

बिहार कर्मचारी चयन आयोग ने चतुर्थ स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा की आवेदन प्रक्रिया को स्थगित कर दिया है। आयोग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि परीक्षा शुल्क में आवश्यक संशोधन प्रस्तावित है, जिस कारण आवेदन की प्रक्रिया को स्थगित किया जाता है। ऑनलाईन आवेदन की नई तिथि जल्द प्रकाशित की जायेगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य सरकार की सभी प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षाओं के लिए शुल्क सौ रूपये करने की घोषणा की थी।

इधर, बिहार ग्रामीण जीवीकोपार्जन समिति ने विभिन्न पदों पर आवेदन की अंतिम तिथि में विस्तार किया है। अब अभ्यर्थी बाईस अगस्त तक आवेदन कर सकेंगे।

———————————————————————

अरूणाचल प्रदेश के मंचुका पोस्ट पर तैनात वैशाली जिले के सेना जवान कुंदन कुमार सिंह की मौत हो गयी। विशनपुर बलभद्र पंचायत निवासी मृतक जवान के परिजनों ने बताया कि ड्यूटी के दौरान ऑक्सीजन की कमी के कारण उनकी मौत हुई है। उनका पार्थिव शरीर आज उनके पैतृक गांव पहुंचने की सम्भावना है।

———————————————————————

एसटीएफ की टीम ने दो लाख रूपये के ईनामी अपराधी बुटन चौधरी को महाराष्ट्र के पालघर इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। बुटन चौधरी पर भोजपुर जिले के उदवंत नगर थाने में हत्या और एके सैंतालीस राईफल बरामदगी समेत पन्द्रह मामले दर्ज हैं।

————————————————————————

पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने राहगीरों से लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– पूरे देश में वोट चोरी पकड़ेंगे, हमारी सरकार बनी तो चुनाव आयोग पर कार्रवाई करेंगे।

दैनिक जागरण ने निर्वाचन आयोग के हवाले से लिखा है– प्रारूप सूची के लिए आधार मान्य। असंतुष्ट या सूची से बाहर हुये व्यक्ति आधार कार्ड की प्रति के साथ दावा कर सकते हैं।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– विपक्ष मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ महाभियोग की तैयारी में।

प्रभात खबर लिखता है– प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का पोर्टल हुआ जारी।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– नीतीश ने किया उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी राधाकृष्णन का समर्थन।

आज अखबार की सुर्खी है– मोदी ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से की मुलाकात।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगली पीढ़ी के सुधारों की कार्य–योजना की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की। कहा– सरकार सभी क्षेत्रों में तेजी से सुधार लागू करने के लिए प्रतिबद्ध।

02. निर्वाचन आयोग ने एसआईआर की प्रारूप सूची से हटाये गये मतदाताओं के नाम संबंधित मतदान केन्द्रों पर श्रेणीवार चस्पा किये।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में अनुकंपा के आधार पर नियुक्त विद्यालय लिपिक और परिचारी अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे।

04. और, केंद्र सरकार ने पटना–पूर्णिया एक्सप्रेस–वे को औपचारिक रूप से राष्ट्रीय एक्सप्रेस–वे का दर्जा प्रदान किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।